**K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**
**ASSESSMENT III-2023-24**

**GRADE: VI** | **MARKS : 50**
**SUB: HINDI** | **TIME : 2 HRS**

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं – खंड 'क' , खंड 'ख' , खंड 'ग' , खंड 'घ'|

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

(iii) यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

## खंड 'क'

**प्रश्न 1अ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (6)**

सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष यात्री उम्मीदवार प्रशिक्षण 'जॉनसन स्पेस सेंटर' में अगस्त 1998 में प्रारंभ हुआ। 9 दिसंबर 2006 में सुनीता को अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी से 'अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र भेजा गया ।इस दौरान इन्होंने तीन स्पेस वॉक किए। 6 अप्रैल 2007 को इन्होंने अंतरिक्ष में ही 'बोस्टन मैराथन' में भाग लिया और उसे 4 घंटे 24 मिनट में पूरा किया। अंतरिक्ष की इस मैराथन में दौड़ने वाली यह पहली व्यक्ति बन गई।22 जून 2007 को यह पृथ्वी पर वापस आ गई। सन् 2012 में सुनीता एक्सपीडिशन 32 और 33 से जुड़ीं। इन्हें 15 जुलाई 2012 को बैकोनुर कोस्मोड्रोम से अंतरिक्ष में भेजा गया। इनका अंतरिक्ष यान 'सोयुज' अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र से जुड़ गया। 17 सितंबर 2012 को इन्हें एक्सपीडिशन 33 का कमांडर बनाया गया। अंतरिक्ष में इस मुकाम तक पहुँचने वाली वह दूसरी महिला है। 19. नवंबर 2012 को सुनीता विलियम्स सकुशल पृथ्वी पर लौट आई।

बहुविकल्पिक प्रश्न

1) सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष यात्री उम्मीदवार प्रशिक्षण कब प्रारंभ हुआ? 1
   अ) अगस्त 1998 में
   आ) सितंबर 1998 में
   इ) दिसंबर 1999 में

2) 1)सुनीता विलियम्स के 2006 मे अंतरिक्ष में भेजे गए यान का नाम क्या था? 1
   अ) अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी ऑफ़ इंडिया'
   आ) अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी'
   इ) अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी ऑफ़ स्पेस रिसर्च सेंटर'

3) 6 अप्रैल 2007 को सुनीता विलियम्स ने किस मैराथन' में भाग लिया? 1
   अ) 'बोस्टन मैराथन' में भाग लिया।
   आ) वन डे बोस्टन मैराथन में भाग लिया।
   इ) स्पेस मैराथन में भाग लिया।

4) सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष यात्री उम्मीदवार प्रशिक्षण सेंटर का नाम क्या था? 1

अ) न्यू 'जॉनसन स्पेस सेंटर' था ।

आ) बोस्टन 'जॉनसन स्पेस सेंटर'था।

इ) 'जॉनसन स्पेस सेंटर' था ।

5) सुनीता विलियम्स पृथ्वी पर कब लौट आई? 1

अ) 19. नवंबर 2012 को सुनीता विलियम्स पृथ्वी पर लौट आई।

आ) 29. नवंबर 2012 को सुनीता विलियम्स पृथ्वी पर लौट आई।

इ) 9. नवंबर 2012 को सुनीता विलियम्स पृथ्वी पर लौट आई।

6. सुनीता विलियम्स ने मैराथन को कितने समय में पूरा किया? 1

अ) सुनीता विलियम्स ने मैराथन को 4 घंटे 24 मिनट में पूरा किया।

आ) सुनीता विलियम्स ने मैराथन को 14 घंटे 24 मिनट में पूरा किया।

इ) सुनीता विलियम्स ने मैराथन को 2 घंटे 24 मिनट में पूरा किया।

## खंड 'ख'

**प्रश्न 2 अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7)**

हेलन केलर का जन्म 1880 मे अमेरिका मे हुआ था। यह एक ऐसा नाम है जो घोर अंधकार के बीच भी रोशनी देता हैं । उन्होंने बचपन में ही अपने सुनने और देखने की क्षमता खो दी थी ,फिर भी उन्होंने लिखना ,पढ़ना और बोलना सीख लिया। भरपूर आशा-आकांक्षा के साथ जीवन जीने लगी। उन्होंने दुनिया भर में घूम-घूम कर अपने जैसे लोगों के अधिकारों और विश्व शांति के लिए कार्य किया। उसके योगदान दुनिया के लिए यादगार बन गए । ऐसी थीं हेलेन केलर। जब वे डेढ वर्ष की थीं. बचपन की एक गंभीर बीमारी की वजह से उनकी देखने और सुनने की शक्ति जाती रही, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। कॉलेज के दिनों में ही प्रकाशित अपनी आत्मकथा 'स्टोरी ऑफ़ लाइफ़' में अपने अनुभव को साझा किया है।कभी-कभी मैं अपने मित्रों की परीक्षा लेती हूँ, यह परखने के लिए कि वह क्या देखते हैं। हाल ही में मेरी एक प्रिय मित्र जंगल की सैर करने के बाद वापस लौटीं। मैंने उनसे पूछा, "आपने क्या-क्या देखा?"

'कुछ खास तो नहीं." उनका जवाब था। मुझे बहुत अचरज नहीं हुआ क्योंकि मैं अब इस तरह के उत्तरों की आदी हो चुकी हूँ। मेरा विश्वास है कि जिन लोगों की आँखें होती हैं, वे बहुत कम देखते हैं।जिसे कुछ भी दिखाई नहीं देता सैकड़ों रोचक चीजे यों मिलती हैं, जिन्हें मैं छूकर पहचान लेती हूँ। मैं भोज-पत्र के पेड़ की चिकनी छाल और चीड़ की खुरदरी छाल को स्पर्श से पहचान लेती हूँ। कभी जब मैं खुशनसीब होती हूँ, तो टहनी पर हाथ रखते ही किसी चिड़िया के मधुर स्वर कानों में गूंजने लगते हैं।

बहुविकल्पिक प्रश्न

1.किसे सैकड़ों रोचक चीजें मिली हैं? 1

अ) जो लोग देख नहीं पाते उन्हें भी सैकड़ों चीजें मिलती हैं जिन्हें वे छूकर पहचानते हैं।

आ) आम लोगों को।

इ) जो किसी विशेष चीज की खोज करने जाते हैं।

2. लेखिका चीजों को कैसे पहचानती है? 1

आ)स्पर्श से

इ) सूंघकर

ई) दिए गए सभी

3. लेखिका किसके स्वर पर मंत्र मुग्ध हो जाती है? 1

अ) मैना के

आ) कोयल के

इ) चिड़िया

4. इस गद्यांश में लेखिका के स्वभाव की कौन-सी विशेषता उजागर होती है? 1

अ) प्रकृति प्रेमी

आ) मधुरता

इ) सहयोगी

5.लेखिका की प्रिय मित्र कहाँ गई थी? 1

अ) जंगल की सैर करने गई थी

आ) बगीचे की सैर करने गई थी

इ) तालाब की सैर करने गई थी

6. किस पुस्तक में लेखिका की आत्मकथा का वर्णन किया गया है? 1

अ) 'अग्नि पथ'

आ) 'स्टोरी ऑफ़ लाइफ'

इ) 'मन में है विश्वास'

7.लेखिका का जन्म कहाँ हुआ ? 1

अ) लेखिका का जन्म अमेरिका में हुआ था।

आ) लेखिका का जन्म फ्रांस में हुआ था।

इ) लेखिका का जन्म ऑस्ट्रेलिया में हुआ था।

**प्रश्न 2.आ) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7)**

मैं सबसे छोटी होऊँ, तेरी गोदी में सोऊँ, तेरा अंचल पकड़-पकड़कर फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ, कभी न छोड़ूं तेरा हाथ! बड़ा बनाकर पहले हमको तू पीछे छलती है मात! हाथ पकड़ फिर सदा हमारे साथ नहीं फिरती दिन-रात ! अपने कर से खिला, धुला मुख, धूल पोंछ, सज्जित कर गात, थमा खिलौने, नहीं सुनाती हमें सुखद परियों की बात !

बहुविकल्पिक प्रश्न

1. इस कविता में कौन छोटे बने रहने की कामना कर रहा है? 1

अ) एक बूढ़ी औरत

आ) एक छोटी बच्ची

इ) एक छोटा लड़का

2. सबसे छोटी होने की कामना क्यों की गई है? 1

अ) अपनी जिम्मेदारियाँ न संभालने के लिए

आ) सदा माँ के साथ रहने के लिए

इ) डर से बचने के लिए

3. कवि ने ऐसा क्यों कहा-‘बड़ा बनाकर पहले हमको, तू पीछे छलती है मात।‘ 1

अ) उसे यह छल लगता है कि माँ पहले पाल-पोसकर बड़ा करती है फिर साथ छोड़ देती है।

आ) पहले बड़ा करती है फिर अपने आप जीने के लिए छोड़ देती है।

इ) माँ साथ रखकर अपनी जिम्मेदारियाँ नहीं बढ़ाना चाहती है।

4. बड़ा होने पर माँ क्या नहीं करती? 1

अ) माँ खाना नहीं खिलाती, मुँह नहीं धुलाती।

आ) माँ सजाती-संवारती नहीं, खिलौने नहीं देती, परियों की कहानियाँ नहीं सुनाती।

इ) दिए गए सभी

5. कवि माँ से क्या अपेक्षा करता है? 1

अ) माँ उसका हाथ पकड़कर दिन-रात उसे घुमाए, हाथ से खिलाए, नहलाए. धुलाए, उसे सजाए परियों की कहानियाँ सुनाए और उसे खिलौने दे।

आ) उसे चाँद-सितारों की दुनिया में ले चले।

इ) दिन-रात उसकी मनपसंद जगहों पर लेकर जाए।

6.कवि माँ का साथ हरदम क्यों चाहता है? 1

अ) क्योंकि वह माँ से बहुत प्रेम करता है।

आ) वह माँ को अकेला नहीं छोड़ना चाहता।

इ) क्योंकि वह दुनिया से डरता है।

7.इस कविता के कवि का नाम लिखिए। 1

अ) सुमित्रानंदन पंत

आ) महादेवी वर्मा

इ) मैथिली शरण गुप्त

**प्रश्न 3 . निम्नलिखित प्रश्नों** में से किन्हीं चार के **उत्तर दीजिए। (8)**

1. जो देखकर भी नहीं देखते नामक पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है?
2. ‘किसी भी वस्तु के अनुभव के लिए उसे देखना आवश्यक नहीं- उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
3. प्राचीन वस्तुएँ एवं पुस्तकें हमारी धरोहर हैं। कैसे?
4. कवि के अनुसार सबसे छोटी होने में क्या आनंद है?
5. हमारे माता-पिता सदा हमारे शुभचिंतक होते हैं कैसे?

**खंड ‘ग’**

**व्याकरण विभाग (12)**

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए। (2)

अ) अश्व -

आ) गंगा -

2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (2)

अ) आदान -

आ) उन्नति -

3. सही विकल्प द्वारा समरूपी भिन्नार्थक शब्द रिक्त स्थानों में भरिए- (2)

अ) ............... पुत्र हनुमान ने पूरी लंका नगरी जला डाली। (पवन, पावन)

आ) हमें बड़ों को ............... देना चाहिए। (समान सम्मान)

4. निम्नलिखित समस्तपदों में समास का नाम दिए गए विकल्पों में से चुनिए- (1)

1) माता-पिता

अ) अव्ययीभाव समास

आ) द्वंद्व समास

इ) तत्पुरुष समास

5. नीचे लिखे शब्दों में से उपसर्ग छाँटकर लिखिए। (2)

अ) उपहार -

आ) अमर -

6. नीचे दिए गए शब्दों का अनेकार्थक शब्द लिखिए। (1)

1. आम -

7. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (2)

अ) खून-पसीना एक करना

आ) अचरज होना

**खंड 'घ'** **(10 अंक)**

**प्रश्न 5.अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए- (5)**

1. भारत की संस्कृति (संकेत बिंदु-भारत की संस्कृति प्राचीन भारतीय संस्कृति उन्नति का मार्ग दिखाती है, भारतीय संस्कृति एक मिसाल रूप में।)
2. मीठी बोली (संकेत बिंदु -मीठी बोली अनमोल धन है, मीठी बोली से सब वश में हो जाते हैं, कड़वे बोल मित्र को भी शत्रु बना देते हैं।)

प्रश्न 5. आ) आपके क्षेत्र गांधी कॉलोनी के सामुदायिक भवन में 'हास्य कवि सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। इसकी सूचना क्षेत्र के सूचना पट्ट पर लिखिए। **(5)**